मांगीलाल प्रदेश उपाध्यक्ष बने

निवाई। अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप एवं राष्ट्रीय महामंत्री डीपी वर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष आरसी वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री नारायणसहाय कोली ने संगठन में निवाई निवासी मांगीलाल महावर को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। जिनको नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।संगठन में निवाई निवासी मांगीलाल महावर को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत करने पर सदस्यों ने जनों ने खुशी जताई है।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने की जनसुनवाई, कानून व्यवस्था व साइबर अपराध की जानकारी दी

- जनसुनवाई के दौरान कस्बा विराटनगर से बंटी चौधरी, महेंद्र सैनी एवं श्योराम गुर्जर सहित अन्य नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया
- पुलिस उप महानिरीक्षक ने कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की

पावटा। जिला कोटपूतली-बहरोड पुलिस उप महानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार ने सोमवार को वृत कार्यालय विराटनगर में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध तथा ट्रैफिक नियमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में एसडीएम विराटनगर कपिल उपाध्याय, वृत्ताधिकारी उमेश निठारवाल, एसडीएम सह तहसीलदार लालाराम यादव तथा विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान कस्बा विराटनगर से बंटी चौधरी, महेंद्र सैनी एवं श्योराम गुर्जर सहित अन्य नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में महेंद्र ठेकेदार, बंटी चौधरी, हेमराज सैनी, रामस्वरूप धाधल, श्योराम गुर्जर (कुहाड़ा), रोहिताश चौधरी (नवरंगपुरा), ख्यालीराम गुर्जर (बियावास), रूपेंद्र, श्रीकृष्ण चौधरी (कुकडेला), धर्मेंद्र सिंह शेखावत (बीलवाड़ी), बृजमोहन सैनी सहित करीब 50 गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनसुनवाई में पुलिस उप महानिरीक्षक देवेंद्र कुमार ने नागरिकों से संवाद करते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए लोगों को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने का आव्हान किया। साथ ही ट्रैफिक नियमों की पालना करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में वृत्ताधिकारी उमेश निठारवाल ने सभी आगंतुकों एवं नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कोटपूतली-बहरोड पुलिस उप महानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार ने वृत कार्यालय विराटनगर में जनसुनवाई की।

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ : प्रभातीलाल

आरएलपी पार्टी के अजमेर सह प्रभारी प्रभातीलाल जाट का कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर स्वागत किया।

निवाई। आरएलपी (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी) के अजमेर सह प्रभारी प्रभातीलाल जाट का कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर स्वागत किया। सह प्रभारी प्रभातीलाल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायतराज एवं नगर ईकाई के चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कसें। इस दौरान आरएलपी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सह प्रभारी प्रभातीलाल का इन्दिरा कॉलोनी, झिलाय रोड एवं बाईपास सहित जगह जगह जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा करके एवं माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, बद्री गुरुजी, शंकर नारोलिया, लोकेश, संजय बराला, हनुमान जाट, रामेश्वर चौधरी व कमल पलेई सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

योग खुशहाल जीवन का आधार : डॉ. हरीश गुर्जर

कोटपूतली । कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों ईकाईयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मंगलवार को मुख्य अतिथि पशुपालन विभाग के सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर डॉ. हरीश गुर्जर ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वाध्याय और योग खुशहाल जीवन का आधार हैं।

उन्होंने योग, स्वास्थ्य और पशुपालन से जुड़ी संक्रामक बीमारियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा पशुओं से मनुष्य में फैलने वाली बीमारियों से सावधानी बरतने और आवश्यक टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने रेबीज सहित विभिन्न बीमारियों के लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। साथ ही छात्राओं की काउंसलिंग करते हुए अध्ययन में एकाठाता बढ़ाने, तनाव से बचने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने योग को मानव चेतना और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आ ान किया। इससे पूर्व प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने कैंपस स्वच्छता अभियान चलाया तथा समूहों में विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विश्वेन्द्र सिंह ने बेटे संग फोटो पोस्ट की

भरतपुर (निस)। भरतपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने करीब पांच साल बाद बेटे अनिरुद्ध सिंह के साथ सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड किया है। कैप्शन लिखा- 'आज जवाहर रिजॉर्ट में बहुत दिनों बाद मेरे बेटे युवराज अनिरुद्ध भरतपुर से सुखद मुलाकात हुई।'वहीं अनिरुद्ध ने भी एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- 'मुझे कॉफी पीने का शौक है। पिताजी ने नई कॉफी

उत्तर पश्चिम रेलवे ने टिकट चेकिंग में रचा इतिहास

- वर्ष 2025-26 में 50 दिन पहले ही पार किया अब तक का सर्वोच्च राजस्व रिकॉर्ड
- बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए विशेष एवं योजनाबद्ध टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

फुलेरा। उत्तर पश्चिम रेलवे ने टिकट चेकिंग के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक का सर्वाधिक राजस्व अर्जित किया है। रेलवे के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में 9 फरवरी 2026 तक टिकट चेकिंग से 63.50 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया जा चुका है। यह राशि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 27.01 प्रतिशत अधिक है । उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपना अब तक का सर्वाधिक वार्षिक टिकट चेकिंग राजस्व 63.22 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2023-24) का आंकडा 50 दिन पहले ही पार कर लिया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए विशेष एवं योजनाबद्ध टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न रेलखण्डों में टिकट बिक्री के आंकड़ों, फील्ड स्टाफ के फीडबैक तथा रेल मदद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर रणनीति तैयार की जाती है। इस विशेष अभियान से न केवल रेलवे के राजस्व में वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों की शिकायतों में भी कमी आई है और उनकी संतुष्टि का स्तर बढ़ा है। रेलवे की ओर से टिकट चेकिंग को केवल दंडात्मक कार्रवाई न मानकर जागरूकता अभियान के रूप में लिया जा रहा है।

यात्रियों को रेल वन एप सहित अन्य डिजिटल माध्यमों से आसानी से टिकट लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे ऑनलाइन टिकट बुकिंग में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे निर्धारित स्थान पर बैठकर, उचित एवं वैध टिकट के साथ अपनी रेल यात्रा का आनंद लें।

भरतपुर में वैन-ड्राइवर ने 6 साल के बच्चे को कुचला, मौत

- 4 दिन पहले धीरे चलाने के लिए ताऊ ने टोका तो धमकाया था-सामने आया तो उड़ा दूंगा

भरतपुर (निस)। भरतपुर में एक वैन ड्राइवर ने 6 साल के मासूम को कुचल दिया। हादसे में मासूम हर्ष की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वैन ड्राइवर मानवेंद्र सिंह काफी स्पीड में था। 4 दिन पहले भी उसे कम स्पीड में गाड़ी चलाने के लिए कहा था। मामला जिले के चिकसाना थाना चारलीगांज में सोमवा शाम 5 बजे का है। परिजनों की ओर से मंगलवार को ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। हर्ष के ताऊ मेघसिंह ने बताया कि चार दिन पहले भी ड्राइवर को कम स्पीड में गाड़ी चलाने के लिए टोका था। इस पर ड्राइवर ने धमकाया भी था कि सामने आया तो उड़ा दूंगा। हर्ष के ताऊ मानवेंद्र सिंह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि- सोमवार को हर्ष दुकान से सामान लेकर लौट रहा था। इस दौरान वह सड़क किनारे खड़ा हो गया। इसी दौरान वैन ड्राइवर मानवेंद्र सिंह स्पीड में रेलवे पुलिया की तरफ से आ रहा था। जहां उसने सड़क किनारे खड़े हर्ष पर वैन चढ़ा दी। इधर, जैसे ही ये हादसा हुआ मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग चिल्लाने लगे। परिजन मौके पर पहुंचे तब तक ड्राइवर वहां से फरार हो गया। उसे चिकसाना के सरकारी हॉस्पिटल लाया गया। वहां से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। हर्ष के ताऊ ने बताया कि हर्ष सेकंड क्लास में पढ़ता था।

हर्ष का एक 4 का बड़ा भाई रुद्रप्रताप है। हर्ष के पिता चंद्रकांत अपना घर आश्रम में काम करता है। वैन के दोनों पहिए हर्ष की छाती से निकल गए थे इसलिए हर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। ताऊ ने बताया कि चार दिन पहले भी वह जब गांव में वैन लेकर आया तब शराब पिये हुए था। सोमवार को भी वह शराब पीकर स्पीड में वैन चला रहा था। मेघसिंह ने रिपोर्ट में बताया कि चार दिन पहले शुक्रवार को वह घर के सामने खड़ा हुआ था।

उस दिन भी वह रेलवे पुलिया की तरफ से स्पीड में आ रहा था। इस पर मैंने उसे हाथ के इशारे से रोका और टोकते हुए कहा- भाई गांव के रास्तों पर छोटे बच्चों और ठामीण भी चलते है। गाड़ी को इतनी स्पीड में मत चलाया करो।

फेयरवेल पार्टी की वाहन रैली के वायरल वीडियो पर कार्यवाही

टोंक। फेयरवेल पार्टी में आयोजित वाहन रैली के वायरल विडियो पर संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस द्वारा शीघ्र कार्यवाही करते हुए गत 31 जनवरी को एक निजी विद्यालय द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन के पश्चात छात्र- छात्राओ द्वारा बिना पुलिस प्रशासन की अनुमति के वाहन रैली निकाली गई, जिसमे कुछ वाहन चालको द्वारा एमवी एक्ट के नियमो का उल्लंघन किया गया। उक्त विडियो से शहर की कानून एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित होने के बाद विडियो मे छात्र-छात्राओ ने कारो से बाहर लटक कर ना केवल स्वयं के जीवन को खतरे मे डाला बल्कि यातायात नियमो का माखौल उडाया गया।

नादौती में राजेश पायलट की जयंती मनाई

नादौती, (निसं)। देश के जाने-माने किसान नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री किसान नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती मंगलवार को आस्थाधाम जगदीश धाम कैमरी के पायलट उद्यान में पूरे सम्मान, श्रद्धा और जनभागीदारी के साथ मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में जगदीश मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों, किसान प्रतिनिधियों, महिलाओं की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. राजेश पायलट की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम खटाना खेड़ला ने की ।

इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने स्व. राजेश पायलट के संघर्षपूर्ण जीवन, किसान आंदोलन में उनकी भूमिका तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंदिर ट्रस्ट और पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने कहा कि स्व. राजेश पायलट ने हमेशा किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

उन्होंने सत्ता में रहते हुए भी आमजन से सीधा संवाद बनाए रखा और खेत-खलिहान से जुड़े मुद्दों को संसद के पटल तक मजबूती से पहुंचाया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष थानेदार घनश्याम खटाना ने कहा कि स्व. पायलट का पूरा राजनीतिक जीवन सादगी, ईमानदारी और निडरता का उदाहरण रहा। वे ऐसे जननेता थे जो बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग की आवाज बनकर उभरे।

किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, सिंचाई, बिजली, बीज और खाद जैसे मूलभूत मुद्दों पर उन्होंने सदैव संघर्ष किया। आज जब किसान महंगाई, कर्ज और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है, तब राजेश पायलट के विचार और संघर्ष और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

बजट को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण को समर्पित बताया

- सम्मेलन की मुख्य वक्ता शिवानी दायमा रही

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा ने बजट को लेकर भरतपुर विधानसभा के ग्राम मलाह में एक महिला सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला संयोजक कविता गोयल ने की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि शिवानी दायमा ने बजट के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बजट में अनेक योजनाओं को शामिल किया गया है। मुख्य वक्ता ने कहा कि आज का बजट महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। केन्द्रीय बजट एवं आगामी राज्य बजट के प्रावधानों के माध्यम से महिला सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकेगी। सम्मेलन में उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए जिला संयोजक कविता गोयल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की एक मजबूत नींव है। उन्होंने महिलाओं से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आ ान किया। इस अवसर पर अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही जिनमें विभा गर्ग, शहर मंडल अध्यक्ष अनामिका चौधरी, उच्चौन की मंडल अध्यक्ष रजनी जाटव, महामंत्री चिरौंजा, सुमन, सपना, गुड्डी, गुड्डन, रेशमा आदि उपस्थित रहीं।

भाजपा जिला महिला मोर्चा ने बजट को लेकर भरतपुर विधानसभा के ग्राम मलाह में महिला सम्मेलन का आयोजन किया।

नाम परिवर्तन

मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरी माताजी का नाम NIGAT दर्ज है जबकि उनका नाम NIKHAT BEGUM है भविष्य में मेरी माताजी का नाम NIKHAT BEGUM धर्मपत्नी मोईन उद्दीन अहमद निवासी 3029, मोहल्ला हिरण वालान चौकडी, तोपखाना हजुरी, बुरहान मंजिल के पास, घाटगेट, जयपुर के नाम से जाना पहचाना जावें। अहमद

I have changed my name from rekha devi soni to rekha soni r/o J 232 officer campus ext sirsi road vaishali nagar Jaipur

खोया पाया

मैं पूरण मल जैन पुत्र स्वं श्री फूल चंद जैन प्लाट 3/3ए कल्याण विहार मान्सर खेड़ी आगरा रोड़, ज़यपुर राजस्थान जो कि सूरजपोल गेट गृह विकास सहकारी समिति लि. जयपुर द्वारा 21/08/1997 से आवंटित पट्टा के कागजात खो गये है अगर किसी को मिलते है तो सुचित करे 9431115535

मेरे भूखण्ड संख्या- बी-503 पार्थ नगर योजना का मूल कब्ज़ा पत्र कही गुम हो गए है मिलने पर सम्पर्क करें मंगलिया लाल मीणा फोन नंबर-8005706602

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक:10267 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:10.02.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 51/414 (LIG) का आवंटन श्री मनोहर लाल पुत्र श्री हेमनदास को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2071 दिनांक 18-03-1999 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 173/1099 दिनांक 05-08-2000 के द्वारा श्री शंकर लाल मीणा पुत्र श्री रामकरण मीणा के पक्ष में किया गया। इनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 28.12.2017 को कर दिया गया। श्री शंकर लाल मीणा की मृत्यु दिनांक 15.01.2024 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री आदित्य मीणा पुत्र स्व. श्री शंकर लाल मीणा द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम रजिस्ट्रर्ड हक त्याग के आधार पर मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री आदित्य मीणा पुत्र स्व. श्री शंकर लाल मीणा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **भवदीय,**

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

5 वी व 6ठी मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
Office website: www.rschf.org

क्रमांक-1201/26 दिनांक-09/02/2026

आम सूचना संघ की आवासीय योजना कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर की दुकान संख्या-12 मय छत श्री के.बी. माथुर को आवंटित की गई थी। श्री के.बी. माथुर द्वारा उक्त दुकान की छत श्रीमती गुलाब देवी पत्नि श्री प्रभुदयाल जांगिड़ को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 13.08.2008 को विक्रय कर दी गई थी। श्रीमती गुलाब देवी की दिनांक 08.08.2025 को मृत्यु उपरान्त उनके पुत्र श्री श्रवण कुमार जांगिड़ द्वारा श्रीमती गुलाब देवी के समस्त वारिसान का 500/-रू. के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र मय सहमति के आवश्यक दस्तावेजों की फोटो प्रति प्रस्तुत कर उपरोक्त दुकान की छत अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त दुकान की छत ट्रांसफर करने पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय मे 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा दुकान संख्या-12 की छत, कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर को श्री श्रवण कुमार जांगिड़ पुत्र श्री प्रभुदयाल जांगिड़ के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।

(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

5 वी व 6ठी मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
Office website: www.rschf.org

क्रमांक-1202/26 दिनांक-09/02/2026

आम सूचना श्रीमती संघ की आवासीय योजना कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर की दुकान संख्या 11 मय छत श्रीमती रूकमणी देवी को आवंटित की गई थी, जिसे उनके द्वारा श्रीमती गुलाब देवी पत्नि श्री प्रभुदयाल जांगिड़ को विक्रय किये जाने के फलस्वरूप दिनांक 26.03.1999 को ट्रांसफर कर श्रीमती गुलाब देवी के नाम विक्रय पत्र जारी कर दिनांक 31.03.1999 को रजिस्ट्री करवा दी गई थी। श्रीमती गुलाब देवी की दिनांक 08.08.2025 को मृत्यु उपरान्त उनके पुत्र श्री श्रवण कुमार जांगिड़ द्वारा श्रीमती गुलाब देवी के समस्त वारिसान का 500/-रू. के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र मय सहमति के आवश्यक दस्तावेजों की फोटो प्रति प्रस्तुत कर उपरोक्त दुकान मय छत अपने नाम ट्रांसफर कराने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त दुकान मय छत ट्रांसफर करने पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा दुकान संख्या-11 मय छत, कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर को श्री श्रवण कुमार जांगिड़ पुत्र श्री प्रभुदयाल जांगिड़ के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।

(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

आवश्यक सूचना आवास संख्या 1 क 44. सी.ई.बी. योजना अलवर जो कि मूलतः डा. आर.के. दीक्षित (श्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित) पुत्र श्री स्मृति दीक्षित को आवंटन पत्रांक 214 दिनांक 30.04.1993 एवं संशोधित आवंटन पत्रांक 487 दिनांक 27.05.1993 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा आवास का अदेय प्रमाणपत्र क्रमांक 1814 दिनांक 24.07.2001 को श्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित के पक्ष मे जारी कर दिया गया था। श्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 31.07.2001 को उपरोक्तीयक कार्यालय अलवर मे पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित की मृत्यु दिनांक 08.01.2026 को हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारियों उनकी पत्नि श्रीमती विजया दीक्षित व उनके पुत्रो श्री रूचिन दीक्षित व श्री निशीथ दीक्षित द्वारा मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत शपथपत्रो एवं अन्य प्रपत्रो के आधार पर उक्त आवास का मृत्यु उपरान्त संयुक्त नाम से प्रतिस्थापन हस्तांतरण किये जाने हेतु शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 1 क 44, सी.ई.बी. योजना अलवर के सम्बन्ध मे पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को ऊपर लाराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस मे राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना लाराज लिखित मे प्रस्तुत करें अन्यथा बीमती विजया दीक्षित पत्नि स्व. श्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित व श्री रूचिन दीक्षित एवं श्री निशीथ दीक्षित पुत्रान स्व. श्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित के पक्ष मे आवास का मृत्यु उपरान्त संयुक्त नाम से प्रतिस्थापन हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त अलवर

कार्यालय तहसीलदार तहसील सांगानेर

क्रमांक : रीडर/26/90 दिनांक : 10.02.2026

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम ग्वार ब्राहमणान पटवार हल्का खेडीगोकुलपुरा के खाता संख्या 54 के ख.नं. 342, 343, 344, 345, 346, 351/1037, 352, 353, 354, 355, 356, 357, 358, 359, 360, 366, 367, 368 कुल किता 18 कुल रकबा 5.54 है. में हिस्सा 1/2 की खातेदारी स्व. छीतर पुत्र श्री पांचू जाति कुम्हार निवासी ग्राम ग्वार ब्राहमणान के नाम दर्ज रिकार्ड है। उक्त खसरा नंबरान के संबंध में वसीयत के आधार पर नामांतरकरण खोलने बाबत प्रार्थी प्रभू नारायण मीणा पुत्र श्री महादेव मीणा जाति मीणा निवासी प्लाट नंबर 10, कल्याण नगर, सांगानेर द्वारा प्रा. पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है, उक्त खसरा नंबरान तथा वसीयत के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय की विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नामांतरकरण की कार्यवाही नियमानुसार कर दी जावेगी।

तहसीलदार तहसील सांगानेर

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)

क्रमांक : एफ ( )ए.नि.ज./ना.न.जोन/2026/399 दिनांक : 09.02.2026

सार्वजनिक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र सिंह वधावन पुत्र श्री कुलबीर सिंह वधावन द्वारा भूखण्ड संख्या 74 गुरूनानकपुरा राजापार्क जयपुर क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज भूमि का उपविभाजन चाहा गया है। पुर्नवास विभाज राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 10.07.1980 क्वाटर नं. 74 गुरूनानकपुरा राजापार्क जयपुर क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज की कन्वेन्स डीड श्री कुलबीर सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह के पक्ष मे जारी किया गया। श्री कुलबीर सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह ने अपजीकृत वसीयतनामा दिनांक 30.06.06 के द्वारा भूखण्ड संख्या 74 की वसीयत अपनी पत्नी उपदेश कोर के पक्ष में सम्पादित की गई। श्री कुलबीर सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह की मृत्यु दिनांक 20.12.2016 को हो चुकी है। उपदेश कोर ने रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 02.11.2020 के द्वारा क्वाटर नं. 74 क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज गुरूनानकपुरा राजापार्क जयपुर का उत्तरी हिस्सा नाप पूर्व पश्चिम 60' उत्तर दक्षिण 20' कुल क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज की वसीयत जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री कुलबीर सिंह के पक्ष में सम्पादित की गई। आवेदक के द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गये अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर भूखण्ड संख्या 74 गुरूनानकपुरा राजापार्क जयपुर द्वारा कि श्री जितेन्द्र सिंह वधावन पुत्र श्री कुलबीर सिंह वधावन के पक्ष में उपविभाजन किया जाना है। इस उपविभाजन बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम) में प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियानुसार उपविभाजन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सहायक नगर नियोजक, मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक: F-JDA/Zone 09/2026/D-181

आम सूचना आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 275588 दिनांक 02.01.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Sub Division and Reconstitution जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स. /निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया
1.	Mukesh Kumar S/o Ramlal Gurjar	उषा गोयल पत्नि ए.के. गोयल	78	219.72 SQ. YARD	Private	Bank Officers Campus-B Sector/ block	Sub Division and Reconstitution

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज- निजी खातेदारी की योजना बैंक ऑफीसर्स कंम्पस-बी के भूखण्ड संख्या 78 क्षेत्रफल 219.72 वर्गगज की लीजडीड दिनांक 29.07.2002 को उषा गोयल पत्नि ए. के. गोयल के नाम से जारी किया गया। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बैचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.02.2021 को उषा गोयल पत्नि ए. के. गोयल के द्वारा श्री अशोक कुमार उप्पल पुत्र श्री जनकराज पक्ष में उप्पल के कर दिया गया। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का बैचान जरिये जिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 26.02.2021 को श्री अशोक कुमार उप्पल पुत्र श्री जनकराज उप्पल द्वारा श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामराय शर्मा के पक्ष में कर दिया गया। तत्पश्चात उक्त कुल भूखण्ड के क्षेत्रफल 219.72 वर्गगज में से उत्तरी हिस्सा भूखण्ड संख्या बी-78-ए क्षेत्रफल 109.86 व.ग. का बैचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.04.2024 को श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामराय शर्मा के द्वारा मुकेश कुमार पुत्र रामलाल को कर दिया गया। आवेदक द्वारा उपविभाजन/ पुर्नगठ न पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Sub Division and Reconstitution जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामक